अनदेखी | सिहोरा-मझौली में प्रशासनिक ढिलाई और नियमों की अनदेखी का लगाया आरोप

# तीन से अधिक संतान वाले शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं







**नवभारत, सिहोरा।** जनपद शिक्षा केंद्र सिहोरा और मझौली में एक बार फिर प्रशासनिक ढिलाई और नियमों की अनदेखी को लेकर चर्चा में है। क्षेत्र के कई शिक्षकों पर सवाल खड़े हो रहे हैं, जिनकी दो से अधिक संतानें होने के बावजूद अब तक उनके विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

इस पूरे मामले ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

### नियमों के बावजूद नहीं हो रही जांच

शासन के स्पष्ट प्रावधानों के अनुसार 26 जनवरी 2001 के बाद तीसरी संतान होने पर संबंधित व्यक्ति शासकीय सेवा के लिए अपात्र माना जाता है। इसके बावजूद सिहोरा विकासखंड और मझौली विकाश खंड के कई स्कूलों में ऐसे शिक्षक कार्यरत बताए जा रहे हैं, जिन पर यह नियम लागू होता है।

जानकारों के अनुसार इस संबंध में समय-समय पर शिकायतें भी की गईं, लेकिन अब तक न तो व्यापक स्तर पर जांच कराई गई और न ही दोषियों के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई सामने आई है। इससे यह सवाल उठता है कि नियमों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है।

**अन्य जिलों में कार्रवाई, जबलपुर के सिहोरा-मझौली में सन्नाटा**

प्रदेश के अन्य जिलों में इसी नियम के तहत कार्रवाई के उदाहरण सामने आए हैं, लेकिन सिहोरा मझौली में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

### कार्यालयों में अटक जाती हैं शिकायतें

सूत्रों के मुताबिक जब भी प्रशासन स्तर से ऐसे मामलों में जानकारी मांगी जाती है, तो संबंधित कार्यालयों में फाइलें लंबित रह जाती हैं। कई बार शिकायतों पर कार्रवाई शुरू होने से पहले ही मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। कुछ मामलों में जानकारी छिपाने या अधूरी जानकारी देने के आरोप भी सामने आए हैं, जिससे जांच प्रक्रिया प्रभावित होती है। यही कारण है कि कई शिकायतें वर्षों से लंबित हैं।

### संरक्षण के आरोप, निष्पक्षता पर सवाल

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ कर्मचारियों को राजनीतिक या उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पाती। आरोप यह भी हैं कि जिन मामलों में कार्रवाई होनी चाहिए, वहां फाइलें दबा दी जाती हैं या प्रक्रिया को लंबा खींच दिया जाता है।

### जांच और पारदर्शिता की मांग

अब क्षेत्र के शिक्षकों, अभिभावकों और नागरिकों द्वारा निष्पक्ष और व्यापक जांच की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि नियमों का सख्ती से पालन किया जाए तो व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और पात्र अभ्यर्थियों को उचित अवसर मिल सकेगा।

**इनका कहना है**

आपने जो जानकारी मांगी है वह फिलहाल उपलब्ध नहीं है। 10 से 12 दिनों में आपको उपलब्ध करा सकता हूं।

**अरविंद धुर्वे**
**बीईओ विकास खंड सिहोरा**

नवभारत ने जो जानकारी मांगी है वह में नहीं दे सकता, आप पहले हमारे डीआईओ साहब से परमीशन ले लें मैं आपको पूरी जानकारी उपलब्ध करा दूंगा।

**अतुल चौधरी**
**बीईओ मझौली**



# तेज अंधड़ और बारिश से बिजली आपूर्ति ठप्प

**रोज बिजली गुल होने से बेलखाडू क्षेत्र में जनजीवन प्रभावित**

**बेलखाडू, जबलपुर, नवभारत।** बेलखाडू और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आज दोपहर अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गईं, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। देखते ही देखते पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

बताया जा रहा है कि तेज तूफान के कारण बिजली लाइनें प्रभावित होने से लगभग 5 घंटे तक लगातार बिजली गुल रही। इस दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के बीच बिजली बंद होने से घरों में रहना मुश्किल हो गया, वहीं पानी की सप्लाई और मोबाइल चार्जिंग जैसी दैनिक जरूरतें भी प्रभावित हुईं। सबसे ज्यादा परेशानी शादी-विवाह के सीजन में देखने को मिली। कई घरों और समारोह स्थलों पर कार्यक्रम चल रहे थे, लेकिन बिजली गुल होने से सजावट, लाइटिंग और साउंड सिस्टम पूरी तरह बंद हो गए। लोगों को मजबूरन जनरेटर और वैकल्पिक व्यवस्था का सहारा लेना पड़ा।

### विभाग से आपातकालीन व्यवस्था की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि हर साल आंधी-तूफान में बिजली व्यवस्था ठप हो जाती है और घंटों इंतजार करना पड़ता है। लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि ऐसी परिस्थितियों में आपातकालीन मरम्मत व्यवस्था को और मजबूत किया जाए ताकि लंबे समय तक बिजली बंद न रहे। समाचार लिखे जाने तक विद्युत सप्लाई ठप्प रही। लाइनमेन प्रवीण अंसोरिया ने बताया कि बड़ी गुड़गवा 33 के व्ही लाइन में फाल्ट के चलते शाम 5 बजे से बिजली सप्लाई बेलखाडू सहित आसपास के अनेकों ग्रामों से गायब रही। ऐसी स्थिति ने एक बार फिर ग्रामीण बिजली व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है।

### ग्रामीणों की यह है मांग

ग्राम के प्रमुख रूप से अरविंद साहू, गोलू ठाकुर, आनंद शिवहरे, गुड्डू यादव, जतिन उपाध्याय, पप्पू साहू, रजनीश नगाइच, वीरेंद्र झारिया, देवेंद्र पटेल पप्पू, मनीष साहू, दिनेश साहू, मुकेश पटेल, अमित नामदेव, अजीत सिंह परिहार सहित अन्य ने विद्युत मंडल माढ़ोताल से ठोस सुधार की मांग की है। इनका कहना है कि प्रतिदिन दिन एवं रात्रि में अनेकों बार बिजली सप्लाई बाधित हो रही है।

# श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शुक्रवार को नरसिंहपुर के रेलवे अस्पताल में श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य परिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। इसमें 46 श्रमिकों का चेकअप किया गया। 23 लोगों को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। शिविर में श्रमिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई। उन्हें नशे से दूर रहने, संतुलित आहार लेने और योग व व्यायाम के माध्यम से मानसिक तनाव को कम करने के लिए प्रेरित किया गया। इस साल के मजदूर दिवस की थीम कार्यस्थल पर मानसिक रूप से स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना रही। कार्यक्रम में काम के दौरान होने वाले तनाव, दबाव और जोखिम को कम करने पर विशेष जोर दिया गया। श्रमिकों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के विभिन्न उपाय भी बताए गए। रेलवे चिकित्सक डॉ. आर.आर. कुर्रे द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्रमिकों के अधिकारों, 8 घंटे के कार्य समय की महत्ता और समय पर मजदूरी भुगतान जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए श्रमिकों को सम्मानित भी किया गया।

## कॉलेज चलो अभियान का मार्गदर्शन सत्र आज से

**नवभारत, सिहोरा।** उच्चशिक्षा विभाग के कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज 2 मई को अपरान्ह 3 बजे शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा जिला-जबलपुर के कक्ष 21 में ई-प्रवेश हेतु मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया है। इस सत्र में प्रवेशार्थी छात्र-छात्राएँ, अभिभावक, विद्यालय प्राचार्य/शिक्षक, कियोस्क संचालक एवं अन्य हितग्राही भाग ले सकते हैं प्राचार्य डॉ एम के श्रीवास्तव ने बताया कि इस सत्र में ई प्रवेश की प्रक्रिया, 12 वीं/स्नातक के विषय/संकाय के अतिरिक्त अन्य विषय/संकाय में प्रवेश लेने की शर्तों एवं प्रक्रिया तथा नवीन संशोधनों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# 56 भोग अर्पण कर मनाया नृसिंह भगवान का प्राकट्योत्सव





**प्रात :काल से भक्तों की लगी भीड़**

**नवभारत, सिहोरा।** प्राचीन सिद्ध स्थान श्री नृसिंह टेकरी में भगवान श्री नृसिंह का नृसिंह चतुर्दशी वैशाख शुक्ल को बड़ी धूम धाम से मनाया गया , भगवान विष्णु के चौथे अवतार में भक्त प्रहलाद की रक्षा करने के लिए खंभ फाड़कर नृसिंह रूप धारण किया था। जब जब भक्तों पर कष्ट आते हैं तब तब भगवान विविध रूपों में प्रकट होते हैं। इस मौके पर प्रात: काल से ही मंदिर में भगवान के दर्शन, भजन, कीर्तन करने भक्तो की भीड़ लग जाती हैं महंत स्वामी गोविंद दास एवं पुजारी बांके बिहारी दास, वैदिक आचार्यों द्वारा भगवान श्री नृसिंह का, पूजन, अर्चन, अभिषेक, हवन पश्चात भगवान का प्राकट्योत्सव श्रद्धालु भक्तों की उपस्तिथि में 56 भोग अर्पण कर मनाया गया, इस अवसर पर महंत गोविंद दास, पुजारी बांके बिहारी दास, पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खंपरिया, लखन पांडे, प्रेमनारायण तिवारी, मनीष पांडे, अश्वनी उपाध्याय, राजा दुबे,अनिल पांडे, संकर्षण कान्हा, शुभा पांडे , ममता ठाकुर, ज्योति पांडे, आदर्श, अभिषेक, ध्रुव आदि समस्त भक्तों की उपस्तिथि में मनाया गया।




# पूर्व सूबेदार वीके मिश्रा सम्मानित

**सिहोरा, नवभारत।** अखिल भारतीय पूर्व सेना सेवा परिषद अध्यक्ष पूर्व सैनिक सूबेदार ऑनररी कप्तान वी के मिश्रा खितौला सिहोरा को चीफ आफ दी आर्मी स्टाफ के जनरल सेनाध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा जबलपुर में आयोजित पूर्व सैनिको के एक कार्यक्रम में सम्मानित किया।

विदित हो कि श्री मिश्रा ने सेवानिवृत्ति होने के बाद कर्तव्यनिष्ठा एंव कार्यदक्षता का परिचय देते हुए देश भक्ति को सर्वप्रथम रखते हुए देश की प्रगति में अनमोल योगदान दिया है जो देश के नागरिकों तथा अन्य पूर्व सैनिकों के लिए अदभूत उदाहरण प्रस्तुत करता है। इसी कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है।

# रात के अंधेरे में मौत बनकर दौड़ रहीं ओवरलोड भूसे की ट्रॉलियां



**बेलखाडू मार्ग पर हर दिन बढ़ रहा हादसे का खतरा**

**बेलखाडू, नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर-दमोह मुख्य मार्ग पर बेलखाडू क्षेत्र में रात के समय ओवरलोड भूसे से भरी ट्रॉलियां लोगों के लिए बड़ी परेशानी और हादसों का कारण बनती जा रही हैं। अंधेरे में बिना पर्याप्त लाइट और सुरक्षा संकेतों के चलने वाले ये ओवरलोड वाहन रोजाना दोपहिया और चारपहिया चालकों की जान जोखिम में डाल रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भूसे से लदी ट्रॉलियां इतनी ज्यादा भरी रहती हैं कि पीछे से आने वाले वाहनों को सड़क दिखाई तक नहीं देती। कई बार अचानक ब्रेक लगाने या मोड़ पर मुड़ने से दुर्घटना होने की स्थिति बन जाती है। खासकर रात के समय दृश्यता कम होने के कारण खतरा और बढ़ जाता है।

### प्रशासन की अनदेखी से बढी चिंता

ग्रामीणों और राहगीरों ने कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ओवरलोड वाहन बिना किसी जांच के बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी तब तक नहीं जागते जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए।

**राहगीर कर रहे दहशत में सफर**

रात में इस मार्ग से गुजरने वाले बाइक और कार चालकों को लगातार डर के साए में सफर करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि रात में नियमित चेकिंग शुरू हो, एवं ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई हो इसके साथ ही ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर और लाइट अनिवार्य की जाए। क्षेत्रीयवासियों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाए तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। बेलखाडू के लोग अब कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## कांग्रेस नेता राजेश तिवारी बने निवास के प्रभारी



**नवभारत,कटंगी ( जबलपुर )।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा जबलपुर के पूर्व जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष एवं नगर निगम जबलपुर के पूर्व पार्षद पं राजेश तिवारी को निवास (मंडला) का विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर कटंगी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के नेक नारायण सिंह, जयंत जैन देवेश चौरसिया सुरेन्द्र शुक्ला ,शंभू प्रसाद सोनी ,जगदीश सोनी ललित सोनी, महेन्द्र नेमा फ़िरोज़ ख़ान, मन्नू ख़ान, मनीष चौरसिया, रमनसेन सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मनमानी

**पांच मरीज आने पर ही लगेगा रेबीज का इंजेक्शन, तड़प रहे मरीज**



**नवभारत, मझौली।** एक ओर सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर मझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ) में नियमों का अजीबोगरीब हवाला देकर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहाँ कुत्ते के काटने (रेबीज) के शिकार मरीजों को यह कहकर लौटाया जा रहा है कि 'जब तक पांच मरीज इकट्ठे नहीं होंगे, इंजेक्शन नहीं लगेगा।'

ताजा मामले में, रेबीज के इंजेक्शन के लिए आए एक मरीज को इमरजेंसी के दौरान भी वैक्सीन लगाने से मना कर दिया गया। अस्पताल प्रबंधन का तर्क है कि वैक्सीन की एक वायल (शीशी) में पांच डोज होते हैं, और जब तक पांच मरीज नहीं आते, उसे खोला नहीं जा सकता। सवाल यह उठता है कि क्या रेबीज जैसा घातक वायरस, जिसमें देरी जानलेवा साबित हो सकती है, बाकी चार मरीजों के आने का इंतजार करेगा। रेबीज एक जानलेवा बीमारी है। नियमों के अनुसार, रेबीज की वैक्सीन मरीज के आने के तुरंत बाद अनिवार्य रूप से लगानी चाहिए। वैक्सीन बर्बाद होने के डर से मरीज की जान जोखिम में डालना चिकित्सा नैतिकता और सरकारी निर्देशों का खुला उल्लंघन है। जब इस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. दीपक गायकवाड़ से बात की गई, तो उन्होंने कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण देने के बजाय गोल-मोल जवाब देकर पल्ला झाड़ लिया। डॉक्टर के इस रवैये से मरीजों और उनके परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मझौली क्षेत्र की जनता ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस अव्यवस्था पर तुरंत संज्ञान लिया जाए और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। यदि समय पर इंजेक्शन न मिलने के कारण किसी अनहोनी होती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।




# समर्थन मूल्य से ऊपर हो मंडी में अनाज की बोली

**किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन**

**सिहोरा।** नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन सोनी के संयोजक में कृषि उपज मंडी सिहोरा प्रांगण में प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंजू मिश्रा अमोल चौरसिया, फिरोज खान, बाबा कुरैशी, के के कुरारिया, फैज आलम शाह, शेख साबिर, गिरधर सरावगी, जगदीश सेनी, रमेश पटेल, प्रदीप गौतम, राजकुमार पटेल, गौस भाई आजाद, यूसुफ खान, जमीला बानो, के के दुबे, शमशेर खान उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे मंडी में घूम कर कांग्रेस एवं किसानों के समर्थन में नारे लगाए, तत्पश्चात नुक्कड़ सभा की एवं भाजपा सरकार द्वारा किसानों को किस तरह प्रताड़ित एवं शोषण किया जा रहा है इससे अवगत कराया। इसके उपरांत समस्त कांग्रेसजनों ने मंडी में बनी कैंटीन, विश्राम गृह, एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर फैली हुई अव्यवस्था का अवलोकन किया। अंत में समस्त कांग्रेसजनों ने मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपा, साथ ही साथ समस्याओं से अवगत कराकर उनके निराकरण की मांग की। कार्यक्रम में राजकुमार तिवारी,पापे यादव,संजय गुप्ता, वीरेन्द्र पटेल, साकेत पिड़िहा, उमाकांत चौरसिया, श्रेयांश यादव, मो. जहांगीर, बालाराम तंतुवाय, कौशल दाहिया,डब्बू पाठक, शंकर वंशकार, अभिषेक शर्मा, चंकी ठाकुर, मनीष पांडे, प्रदीप परवानी, राहुल सोनी, अमजद खान, बलराम बर्मन, लाल सिंह ठाकुर, कंचन तंतुवाय, राजकुमारी पटेल, गजराज सिंह ठाकुर, नेक नारायण सिंह, सरस्वती पटेल, कला बाई दाहिया, द्रोपती बाई दाहिया, लक्ष्मी पटेल, जितेन्द्र सोंधिया, मोनू सोंधिया, अजय पटेल, धनीराम दाहिया सहित अनेकों कांग्रेसजन उपस्थिति थे।

विरोध | प्रस्तावित नई शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों ने आबकारी विभाग को सौंपा ज्ञापन

# ग्राम हरसिंघी में शराब दुकान खोलने का विरोध तेज



**नवभारत, सिहोरा।** ग्राम पंचायत हरसिंघी में प्रस्तावित नई शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गांव के लोगों ने एकजुट होकर आबकारी विभाग सिहोरा को ज्ञापन सौंपते हुए दुकान न खोले जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरसिंघी ग्राम पंचायत में नई शराब दुकान खोलने की तैयारी चल रही है, जबकि गांव से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर पहले से ही एक शराब दुकान संचालित है। ग्रामीणों का कहना है कि पास में पहले से दुकान होने के बावजूद दूसरी दुकान खोलना न केवल अनावश्यक है, बल्कि इससे क्षेत्र का सामाजिक माहौल भी प्रभावित होगा।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि प्रस्तावित दुकान का स्थान स्कूल जाने वाले बच्चों के मुख्य मार्ग पर स्थित है। बच्चे प्रतिदिन इसी रास्ते से साइकिल व पैदल स्कूल आते-जाते हैं। ऐसे में यहां शराब दुकान खुलने से बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने के साथ उनकी सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के अधिकांश लोग इस निर्णय के विरोध में हैं और वे अपने क्षेत्र में एक और शराब दुकान नहीं चाहते। उन्होंने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित दुकान को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सामूहिक आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन पर सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर दर्ज हैं, जो इस विरोध को व्यापक जनसमर्थन मिलने का संकेत देते हैं।

**ये रहे उपस्थित**

इस दौरान सरपंच रश्मि अरविंद पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से अरुण पटेल, सन्दीप पटेल, सुरेंद्र पटेल, सोनू पटेल, सन्तोष पटेल, राम सिंह ठाकुर, लल्लू बर्मन, तुलसी राम पटेल, सुनील पटेल, करिया यादव, मन्नू बर्मन, अरविंद पटेल, चन्द्रशेखर पटेल, सीमाबाई,, कालू बाई, जयंती बाई, शारदा पटेल, कमला पटेल, उषा सेन, कमलेश, सुगंधा बाई, सावित्री, मनीष सेन, रानी पटेल, वंदना पटेल, सुमन चौधरी सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।